

नवभारत
इंदौर, गुरुवार, 09 अप्रैल 2026


एक नजर में

## नगर पालिका परिषद की बैठक में करीब 67 हजार रुपए की बचत का बजट पारित



**सेंधवा।** नगर पालिका परिषद की बैठक में 67774 रुपए की शुद्ध बचत का बजट पारित किया गया। परिषद द्वारा किसी भी तरह की कोई कर वृद्धि नहीं की गई। नगर के सौंदर्य करण हेतु नपा द्वारा दो प्रवेश द्वार भी बनाएगी। नपा के अनुसार नपा कार्यालय के सभागृह में नपा परिषद की बैठक दोपहर साढ़े 12 बजे रखी गई। बैठक में 17 विषयों पर चर्चा कर प्रस्ताव पारित किए गए। नगर पालिका अध्यक्ष बसंती बाई यादव, सीएमओ मधु चौधरी व हरचरणसिंह भाटिया ने शासन द्वारा नियुक्त एल्डरमैन अरुण चौधरी, सुनील अग्रवाल, अनिल वाघ, भागीरथ सोनी, कृष्णा पालीवाल, सरला कोठारी का पुष्पमाला से स्वागत किया गया। बैठक में आगामी वर्ष का बजट पेश किया गया है बजट में 67774 रुपए की बचत का बजट प्रस्तुत किया गया है। इसमें नपा की आय 34 करोड़ 44 लाख 60 हजार 815 की है और व्यय 32 करोड़ 71 लाख 70 हजार रुपए बताया गया है। परिषद ने नपा के करों में किसी भी प्रकार की वृद्धि नहीं करने का निर्णय लिया गया है। नगर के सौंदर्य करण हेतु नपा द्वारा इंदौर मार्ग व वरला रोड पर स्वागत द्वार बनाने का निर्णय लिया गया है। वहीं मप्र शासन की पहल पर नगर में गीता भवन बनाने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की है उक्त गीता भवन नई नपा कार्यालय के पास दूरसंचार विभाग की खुली पड़ी जमीन पर निर्माण किया जाएगा। परिषद ने साफ-सफाई हेतु एक जेसीबी मशीन क्रय करने के साथ ही रोड स्वीपर मशीन भी खरीदने का निर्णय लिया गया है। नगर के डिवाइडर रॉड पर संकेत बोर्ड लगाने का निर्णय लिया गया है। नगर की बढ़ती जनसंख्या को मध्यनजर रखते हुए नगर में जलसंकट से निपटने हेतु फिल्टर प्लांट पर पुराना फिल्टर प्लांट को मरम्मत कर इसे फिर से चालू करने का निर्णय लिया गया है। वहीं जल विभाग में लगने वाली सामग्री, स्टेशनरी, विद्युत सामग्री क्रय करने के प्रस्ताव को सहमति प्रदान की है। इसके अतिरिक्त निवाली रोड पर अतिप्राचीन पानी की टंकी को तोड़कर नहीं टंकी के निर्माण व सीमेंट के पाइप को हटाकर नए आधुनिक पाइप लाइन बिछाने का निर्णय सर्व सहमति से पारित किया गया। नगर में चल रहे सिवरेज कार्य को लेकर पार्षदों ने नाराजगी व्यक्त की है उन्होंने कहा कि सिवरेज लाइन डालने के बाबजूद नालियों में पानी आ रहा है। कार्य करने के बाद बचे हुआ मालवा भी वहीं छोड़ दिया जाता है जिससे गंदगी फैल रही है। सीएमओ ने कहा कि इस संबंध में पार्षदों व सिवरेज कंपनी की एक बैठक आयोजित कर समस्या का समाधान कराएंगे। सिवरेज से संबंधित कोई शिकायत है तो उनका हेल्प लाइन नंबर 9243379809 पर कॉल कर सकते है। पार्षद छोटू चौधरी ने नपा अध्यक्ष यादव की सहमति से नपा में वार्ड विस्तार का प्रस्ताव रखा। चौधरी ने बताया कि नगर की जनसंख्या बढ़ती जा रही हैं नगर का भी विस्तार हो रहा है इसे में 24 वार्ड को बड़ा कर 30 वार्ड करने का प्रस्ताव शासन को भेजने का प्रस्ताव रखा गया।

## प्रथम नगर आगमन पर जिलाध्यक्ष का सम्मान धीरज वाघेला को सौंपी तहसील अध्यक्ष की कमान



**थांदला।** पत्रकारों के हित व संगठन मजबूती के लिए प्रयासरत आर्यव्रत पत्रकार संघ के जिलाध्यक्ष हरीश राठौड़ के प्रथम नगर आगमन पर नगरीय पत्रकारों ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। इस असवर पर राठौड़ ने आर्यव्रत के राष्ट्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र अग्निहोत्री, राष्ट्रीय मुख्य महासचिव राकेशसिंह चौहान, राष्ट्रीय सचिव कमलसिंह सौलंकी के नेतृत्व में देश भर के पत्रकारों के संगठन से जुड़ने व पत्रकारों के पक्ष में कार्य करने को लेकर उत्साह के बारें में बताया। इस दौरान राठौड़ ने बताया कि मध्यप्रदेश के कार्यकारी अध्यक्ष विजय निमा के नेतृत्व में मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों में तेजी से पत्रकारों की नियुक्ति व तहसील इकाई से लेकर ग्रामीण अंचल में पत्रकारों को जोड़ने का अभियान चलाया जा रहा है। नगर के पत्रकारों ने मिलकर थांदला नगरीय इकाई के लिए युवा पत्रकार धीरज वाघेला को तहसील अध्यक्ष बनाने की अनुसंशा की जिसे राष्ट्रीय कार्यकारिणी व प्रदेश अध्यक्ष की सहमति से जिलाध्यक्ष ने तुरंत धीरज वाघेला को तहसील पत्रकार संघ अध्यक्ष नियुक्त कर दिया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार पवन नाहर, समकीत तालेरा, विवेक व्यास, पिंकी पाठक, मनीष वाघेला, इमरान खान, राजू धानक, पपेश डामोर, कुलदीप वर्मा, राजू राठौड़ आदि पत्रकारों व समाजसेवियों ने जिलाध्यक्ष हरीश राठौड़ सहित नवीन तहसील अध्यक्ष धीरज वाघेला का पुष्पमाला पहनाकर व पौधें का गुलदस्ता भेंट कर स्वागत सम्मान किया व जिलाध्यक्ष व तहसील अध्यक्ष को शुभकामनाएं दी। नवीन अध्यक्ष वाघेला ने कहा जल्द ही नगर इकाई के साथ ग्रामीण अंचल में भी पत्रकारों को संगठन से जोड़ा जाएगा।

## जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक का आयोजन कल

**आलीराजपुर।** कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग संभाग आलीराजपुर ने बताया कि सुप्रीम कमेटी ऑन रोड सेफ्टी द्वारा मोटर यान अधिनियम 1988 की धारा 215 (3) में दिये गये प्रावधानुसार सड़क दुर्घटनाओं की मॉनिटरिंग करने एवं सड़क सुरक्षा को बेहतर बनाने हेतु दिशा निर्देश जारी किये गये हैं। इसी क्रम में अप्रैल माह हेतु उक्त बैठक का आयोजन कलेक्टर सभागार में कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर की अध्यक्षता में 10 अप्रैल 2026 को प्रात: 11:00 बजे किया जाएगा, जिसमें जिले के यातायात की स्थिति, सड़क दुर्घटनाओं का डाटा, ब्लैक स्पॉट, जिले में वर्ष में घटित गंभीर दुर्घटनाओं की जानकारी, रोड इंजीनियरिंग की समस्या/ मरम्मत कार्य आदि विषयो पर चर्चा एवं समीक्षा की जाएगी।

## राज्य स्तरीय खेलवृत्तिके लिए 1 से 31 मई तक होंगे आवेदन

**आलीराजपुर।** संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण, म.प्र. भोपाल के निर्देशानुसार वर्ष 2025 की राज्य स्तरीय खेलवृत्ति हेतु जिले के पदक विजेता प्रतिभावान खिलाड़ियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। यह आवेदन 01 मई 2026 से 31 मई 2026 तक स्वीकार किए जाएंगे। जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार 01 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 के मध्य आयोजित अधिकृत राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए पदक प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को खेलवृत्ति प्रदान की जाएगी। खेलवृत्ति के अंतर्गत स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ी को 10,000 रुपये, रजत पदक विजेता को 8,000 रुपये तथा कांस्य पदक विजेता खिलाड़ी को 6,000 रुपये की राशि प्रदान किए जाने का प्रावधान है। खेलवृत्ति से संबंधित दिशा-निर्देश एवं नियमावली विभाग की वेबसाइट 222.*dsywmp.gov.in* पर उपलब्ध है। इस योजना के लिए जिले के ऐसे प्रतिभावान खिलाड़ी पात्र होंगे जिन्होंने अधिकृत राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय अथवा तृतीय स्थान प्राप्त किया हो तथा जिनकी आयु 01 अप्रैल 2026 को 19 वर्ष से अधिक नहीं हो। आवेदन पत्र के साथ आधार कार्ड, बैंक पासबुक, जन्म प्रमाण-पत्र अथवा 10वीं कक्षा की अंकसूची, मूल निवासी प्रमाण-पत्र सहित अन्य आवश्यक दस्तावेजों की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।

# शिक्षकों ने बाइक रैली निकालकर सौंपा ज्ञापन

**बड़वानी, (नवभारत)।** सर्वोच्च न्यायालय के आदेश का हवाला देकर शासन-प्रशासन टीईटी परीक्षा को लेकर जो जल्दबाजी दिखा रहा है। वह प्रदेश ही नहीं बल्कि पूरे देश की शैक्षणिक व्यवस्था को तार-तार कर उसे असमंजस और शिक्षकों की अपूरणीय क्षति रूपी गर्त में धकेल देगी।

शासन-प्रशासन के नुमाइंदे न तो राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद की अधिसूचना का पालन कर रहे हैं और न ही सुप्रीम कोर्ट के निर्णय की भावना का ही सम्मान कर रहे। शासन-प्रशासन की ऐसी ही विसंगतियों को उजागर करने और उन्हें कुंभकर्णी नींद से जगाने के उद्देश्य से बड़वानी जिले के हजारों शिक्षक सड़कों पर उतर आए।

शिक्षक पात्रता परीक्षा को रद्द करने और नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता की मांग को लेकर जिले भर के शिक्षक हाई स्कूल में एकत्रित हुए और बाइक रैली निकालकर कलेक्टर कार्यालय पहुंचे। जहां मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन नायब तहसीलदार सोनू गोयल को सौंपा।



अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा के हेमेंद्र मालवीय और कसर सिंह सोलंकी ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद एनसीटीइ की अधिसूचना 23 अगस्त 2010 की कंडिका 4 (क), (ग) एवं कंडिका 5 के अनुसार निम्न श्रेणी के शिक्षकों को टीईटी से छूट दी गई है। जिसमें 3 सितंबर 2001 के पूर्व तथा बाद नियुक्त शिक्षक और वर्ष 2011 से 2014 के मध्य गुरुजी से संविदा शिक्षक के रूप में नियुक्त शिक्षक को सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पारित निर्णय में भी उक्त छूट का स्पष्ट उल्लेख किया गया है। इसके बावजूद विभागीय आयुक्तों द्वारा समस्त सेवारत नॉन टीईटी शिक्षकों को टीईटी उत्तीर्ण करने के लिए बाध्य किया जाना, अधिसूचना के प्रावधानों और न्यायालय के निर्णय की भावना के विपरीत प्रतीत होता है।

### 11 अप्रैल को ब्लॉक स्तरीय रैली और 18 को भोपाल में महारैली...

संयुक्त मोर्चा के पदाधिकारी अशोक कुशवाह, धर्मेंद्र भावसार और राजेश कुशवाह ने आगामी रणनीति के बारे में बताया कि 11 अप्रैल को ब्लॉक स्तरीय रैली और 18 अप्रैल को भोपाल में महारैली का आयोजन किया गया है। यदि हमारी मांगों का निराकरण नहीं होता है तो मध्य प्रदेश के शिक्षक दिल्ली पहुंच कर रैली निकलेंगे।

### रैली में प्रमुख रूप से रहे शामिल

रैली में प्रमुख रूप से शिक्षक संघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष मनोज गुप्ता, यशवंत चौहान, अश्विन मिश्रा, मुकेश मालवीय, राजेश जोशी, केशव यादव, कमल कुशवाह, बृजमोहन गर्ग, महेश राठौड़, गणेश सोनी, औकार सागरे, रघुवीर भावसार, राकेश बच्चन, फिरोज खान, सुनीता शुक्ला, हेमलता पुरोहित, रीना गुप्ता, निलेशवरी कर्मा आदि उपस्थित रहे।

## छात्राओं को किया जागरूक



**बड़वानी, (नवभारत)।** सामुदायिक पुलिसिंग और महिला सुरक्षा को सुदृढ़ करने चलाए जा रहे रक्षा सखी नवाचार अंतर्गत 7 अप्रैल को वरला पुलिस द्वारा धवली स्थित शासकीय उमावि में छात्राओं के लिए जागरूकता कार्यक्रम किया गया। अभियान एसपी पद्मविलोचन शुक्ल के निर्देशन में चल रहा है।

इस दौरान छात्रावास में निवासरत छात्राओं को उनके कॅरियर मार्गदर्शन, शासन द्वारा संचालित बालिकाओं से संबंधित योजनाओं, महिला सुरक्षा से जुड़े कानूनी प्रावधानों एवं समाज में व्याप्त कुरीतियों के संबंध में महिला उप निरीक्षक ने विस्तृत जानकारी दी।

कार्यक्रम के माध्यम से छात्राओं को आत्मरक्षा, जागरूकता एवं पुलिस सहायता के प्रति प्रेरित किया। कार्यक्रम में छात्रावास वार्डन व करीब 50 छात्राएं उपस्थित रही। पुलिस ने छात्राओं को जागरूक कर सुरक्षित एवं सशक्त बनाने का संदेश दिया।

## राजमंदिर बस पर पथराव एक महिला यात्री घायल

**पानसेमल, (नवभारत)।** पानसेमल और निवाली के बीच राजमंदिर बस पर अज्ञात बदमाश द्वारा किए पथराव में 1 महिला यात्री को हाथ में चोट आई है। घटना के बाद यात्रियों व बस स्टॉफ ने इसकी जानकारी थाने पर दी है।

बस यात्रियों के अनुसार घटना खड़ीखम घाट और पानसेमल के बीच की है। बस इंदौर से खेतिया की ओर जा रही थी। इसी बीच मंगलवार की रात्रि में 10 बजकर 15 मिनट के आसपास यह घटना हुई है। वहीं स्टॉफ द्वारा पुलिस प्रशासन से निवेदन किया है कि आमजनों की सुरक्षा के मद्देनजर आवश्यक गश्त बढ़ाई जाए।



## लिस्टेड बदमाश गिरफ्तार

ऑपरेशन हवालात के तहत पुलिस को मिली सफलता



**बड़वानी, (नवभारत)।** ऑपरेशन हवालात के तहत पानसेमल पुलिस द्वारा लंबे समय से फरार चल रहे सूचीबद्ध गुंडा पराग पिता देवेन्द्र सोनी (25) निवासी भोई प्लांट पानसेमल को गिरफ्तार किया गया। अभियान एसपी पद्मविलोचन शुक्ल निर्देशन और एएसपी धीरज बब्बर व एसडीओपी आयुष कुमार अलावा के मार्गदर्शन में चलाया जा रहा है। आरोपी के विरुद्ध जेएमएफसी कोर्ट खेतिया के प्रकरण दर्ज था। इसमें आरोपी फरार चल रहा था। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय खेतिया के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

### कार्रवाई में इनका रहा सहयोग

इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक मंशाराम वगेन, प्रधान आरक्षक राकेश बघेल, आरक्षक रणवीर मुवेल, आरक्षक जावेद मकरानी एवं आरक्षक रवींद्र मोर्य की भूमिका रही।

## बरवेट में कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ

**पेटलावद।** ग्राम बरवेट के खेड़ापति हनुमान मंदिर प्रांगण में बुधवार से आध्यात्मिक उत्सव का आगाज हुआ, जहाँ भव्य कलश यात्रा के साथ सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा प्रारंभ हुई। इस धार्मिक अनुष्ठान की शुरुआत श्री कुंज आश्रम उज्जैन की साध्वी श्री सुगना बाईसा के सानिध्य में हुई।

प्राचीन शंकर मंदिर स्थित पवित्र जलस्त्रोत से बड़ी संख्या में महिला श्रद्धालुओं ने मंगल कलश में जल भरा, जिसके बाद गाजे-बाजे के साथ यात्रा कथा स्थल पहुँची। आयोजन स्थल पर विद्वान पंडितों द्वारा धार्मिक विधि-विधान और मंत्रोच्चरण के साथ आयोजन की शुरुआत हुई, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। यहां भागवत होती है, वह स्थान तीर्थ के समान होता है।



### बड़ी संख्या में धर्मप्रेमी जनता शामिल

श्रद्धालुओं को कथा के महत्व से अवगत कराते हुए साध्वी श्री ने प्रेरित किया कि जीवन की व्यस्तताओं के बीच भी इस अमृत पान के लिए समय अवश्य निकालना चाहिए। उन्होंने बताया कि यदि कोई व्यक्ति सात दिनों तक कथा नहीं सुन पाता, तो उसे दो या तीन दिन भी श्रद्धापूर्वक श्रवण करना चाहिए, क्योंकि यह कथा मनुष्य को बुराइयों के मार्ग से हटाकर धर्म के पथ पर अग्रसर करती है और अंतत: मोक्ष का मार्ग प्रशस्त करती है। प्रसंगवश उन्होंने राजा परीक्षित का उदाहरण देते हुए बताया कि किस प्रकार शुकदेव जी द्वारा सुनाई गई इस कथा ने राजा परीक्षित के मन से मृत्यु का भय समाप्त कर उन्हें सद्गति प्रदान की थी। कार्यक्रम के अंत में भव्य आरती की गई और निलेश पटेल परिवार द्वारा प्रसादी का वितरण किया गया,

कथा के प्रथम दिन व्यास पीठ से साध्वी श्री सुगना बाईसा ने श्रीमद् भागवत की महिमा पर प्रकाश डालते हुए श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। उन्होंने %भागवत% शब्द की व्याख्या करते हुए बताया कि यह भक्ति, ज्ञान, वैराग्य और त्याग का अद्भुत संगम है। साध्वी जी ने कहा कि श्रीमद् भागवत केवल एक ग्रंथ मात्र नहीं है, बल्कि साक्षात भगवान श्री कृष्ण का वांग्मय स्वरूप है। इसके श्रवण से मनुष्य के भीतर का अहंकार नष्ट होता है और ईश्वर के प्रति निस्वार्थ प्रेम जागृत होता है। उन्होंने इस कथा को विश्व की समस्त कथाओं में श्रेष्ठ बताते हुए कहा कि जिस स्थान पर भागवत का वाचन होता है, वह स्थान तीर्थ के समान पवित्र हो जाता है।



## भारतीय स्त्री शक्ति संगठन आलीराजपुर द्वारा कृषक मातृशक्तियों का सम्मान

खेती करने वाली बहनें बनें योद्धा - नीरजा चंदेल

**आलीराजपुर।** भारतीय स्त्री शक्ति संगठन आलीराजपुर इकाई के तत्वाधान में 7 अप्रेल मंगलवार को जिले में किसान सखीयों एवं कृषक मातृशक्तियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। यह सम्मान समारोह मालवई के पास एक खेत में व पंचमुखी हनुमान मन्दिर, आलीराजपुर में आयोजित किया गया। जो ग्रामीण बहनें सब्जी बेचने आती है, उनको श्रीफल व रूमाल देकर 20 मातृशक्तियों को सम्मानित किया गया। जो ग्रामीण मातृशक्तियां कृषक के रूप में खेतों में कार्य करती है, उनको प्रोत्साहित करते हुए उनसे खेती से सम्बंधित बातचीत साझा की गई। उपस्थित सभी कृषक मातृशक्तियों द्वारा परिचय दिया गया। भारतीय स्त्री शक्ति संगठन आलीराजपुर इकाई की अध्यक्ष नीरजा चंदेल द्वारा खेती करने वाली बहनों को हिम्मत व ताकत से ल?ने वाली योद्धा कहा।

## 9 हाई स्कूल भवन और 4 करोड़ 50 लाख से बनेगा महाविद्यालय बालक छात्रावास : नागरसिंह चौहान

**आलीराजपुर। कैबिनेट मंत्री नागरसिंह जी चौहान के प्रयासों से जिले में शिक्षा के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। जनजातीय कार्य विभाग द्वारा जिले के 9 शासकीय हाई स्कूलों के भवन निर्माण हेतु प्रति स्कूल 3 करोड़ 96 लाख 26 हजार रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। इसके साथ ही शासकीय जनजातीय महाविद्यालयीन बालक छात्रावास के निर्माण के लिए 4 करोड़ 50 लाख रुपये की राशि भी स्वीकृत की गई है।**

विधायक प्रतिनिधि गोविंदा गुप्ता ने बताया कि केबिनेट मंत्री श्री नागरसिंह चौहान द्वारा बेहतर शिक्षा हेतु किए गए प्रयासों से प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा निरन्तर स्वीकृतियां जारी की जा रही है। इसी क्रम में वर्तमान में स्वीकृत स्कूल भवनों में शासकीय हाई स्कूल खारकुंआ, शासकीय हाई स्कूल अम्बारी, शासकीय हाई स्कूल थोड़सिंधी, शासकीय हाई स्कूल मथवाड़, शासकीय हाई स्कूल छकतला, हाई स्कूल कुलवट, शासकीय हाई स्कूल उमरठ, शासकीय हाई स्कूल अंधारकांच, शासकीय हाई स्कूल कुण्डवाट शामिल हैं।



इसी के साथ क्रांतिकारी शहीद छीतू किरा? स्नातकोत्तर महाविद्यालय आलीराजपुर में जनजातीय बालक छात्रावास का निर्माण होगा। इन स्वीकृतियों से जिले में शिक्षा का बुनियादी ढांचा मजबूत होगा और विद्यार्थियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी।

विशेष रूप से जनजातीय क्षेत्र के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने में सहायता मिलेगी। नए भवनों के निर्माण से स्कूलों में कक्षाओं, प्रयोगशालाओं एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं का विस्तार होगा, जिससे शिक्षा का स्तर और बेहतर होगा। वहीं, छात्रावास निर्माण से दूरस्थ क्षेत्रों से आने वाले विद्यार्थियों को रहने की सुविधा मिलेगी, जिससे उनकी शिक्षा में निरंतरता बनी रहेगी और ड्रॉपआउट दर में भी कमी आएगी। सांसद अनिता चौहान, जिला पंचायत अध्यक्ष हजरी बाई खरत, महामंत्री रिंकेश तंवर, मोंटू शाह, राजू मुवेल, सहित समस्त स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं क्षेत्रवासियों ने इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए मुख्यमत्री डॉ मोहन जी यादव, केबिनेट मंत्री नागरसिंह चौहान एवं जनजातीय कार्य मंत्री विजय शाह का आभार व्यक्त किया है।

## थाना कोतवाली और आंबुआ को मिला आईएसओ प्रमाण-पत्र

**आलीराजपुर। पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा निर्धारित वार्षिक रोस्टर के पालन में, उप पुलिस महानिरीक्षक (डीआईजी), ग्रामीण रेंज इंदौर, मनोज कुमार सिंह (भा.पु.से.) द्वारा जिला अलीराजपुर की वार्षिक अपराध समीक्षा बैठक पुलिस नियंत्रण कक्ष में आयोजित की गई। बैठक के शुभारंभ पर पुलिस अधीक्षक अलीराजपुर, रघुवंश सिंह द्वारा उप पुलिस महानिरीक्षक का स्वागत किया गया।**

जानकारी अनुसार बैठक के दौरान जिले के विगत वर्ष एवं वर्तमान वर्ष के अपराधों का तुलनात्मक सांख्यिकीय विश्लेषण प्रस्तुत किया गया। डीआईजी ने थानावार लंबित प्रकरणों, मर्ग, गुम इंसान, सीएम हेल्पलाइन शिकायतों एवं चालानों की विस्तृत समीक्षा करते हुए निम्नलिखित दिशा-निर्देश जारी किए।



### किसी भी प्रकरण को अनावश्यक लंबित न रखते हुए,

सभी शिकायतों का समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए। लंबित वारंटों की तामीली एवं पुराने अपराधों के निराकरण के लिए टीम वर्क के आधार पर विशेष कार्ययोजना बनाकर कार्य करें। महिला संबंधी अपराधों में उच्च संवेदनशीलता बरतते हुए त्वरित वैधानिक कार्यवाही के निर्देश दिए गए। संपत्ति संबंधी अपराधों में शत-प्रतिशत बरामदगी, अवैध गतिविधियों पर सूक्ष्म निगरानी एवं असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कठोर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। वाहन दुर्घटना के अपराधों में भी संवेदनशीलता बरतने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान उप पुलिस महानिरीक्षक ने जिले के नवाचारों हेलमेट अभियान (आपणे मानसे आपणी पुलिस) और पुलिस हेल्पडेस्क की सराहना की। इस अवसर पर थाना कोतवाली (आलीराजपुर) और थाना आंबुआ को उनकी उत्कृष्ट कार्यप्रणाली, स्वच्छता, एवं व्यवस्थित रिकॉर्ड संधारण के लिए आईएसओ 9001:2015 अवार्ड सम्मानित किया गया।